विपश्यना

साधकों का मासिक प्रेरणा पत्र

बुद्धवर्ष 2564, चैत्र पूर्णिमा (ऑनलाइन), 27 अप्रेल, 2021, वर्ष 50, अंक 11

E-NEWS LETTER वार्षिक शुल्क रु. ३०/ आजीवन शुल्क रु. ५००

For Online Patrika in various Languages, visit : https://www.vridhamma.org/newsletters

धम्मवाणी

यो च बुद्धञ्च धम्मञ्च, सङ्घञ्च सरणं गतो।
चत्तारि अरियसच्चानि, सम्मप्पञ्ञाय पस्सति॥

दुक्खं दुक्खसमुप्पादं, दुक्खस्स च अतिक्कमं।
अरियं चट्ठङ्गिकं मग्गं, दुक्खूपसमगामिनं॥

एतं खो सरणं खेमं, एतं सरणमुत्तमं।
एतं सरणमागम्म, सब्बदुक्खा पमुच्चति॥

— *धम्मपदपाळि-190,191,192, बुद्धवग्गो*

जो बुद्ध, धर्म और संघ की शरण गया है, जो चार आर्य सत्यों – दुःख, दुःख की उत्पत्ति, दुःख से मुक्ति और मुक्तिगामी आर्य अष्टांगिक मार्ग – को सम्यक प्रज्ञा से देखता है, यही मंगलदायक शरण है, यही उत्तम शरण है। इसी शरण को प्राप्त कर (व्यक्ति) सभी दुःखों से मुक्त होता है।

सत्कार और सम्मान धर्म का होता है। धर्म के बिना व्यक्ति का कोई मूल्य नहीं होता।

— कल्याणमित्र सत्यनारायण गोयन्का

2012 में भारत सरकार ने पूज्य गुरुजी को पद्मभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। गुरुजी दिल्ली नहीं गये तब महाराष्ट्र के राजभवन से एक सरकारी अधिकारी को पूज्य गुरुजी के घर भेजा गया और वे सामने बैठ कर सम्मानपूर्वक पूज्य गुरुजी को पद्मभूषण पुरस्कार प्रदान कर रहे हैं। चित्र में श्री बनवारीलालजी एवं श्री श्रीप्रकाशजी पूज्य गुरुजी और पूज्य माताजी के पीछे क्रमशः खड़े दिखायी दे रहे हैं।

विपश्यना की स्वर्ण-जयंती पर उद्बोधन - 16 दिसंबर, 2019

धर्मप्रेमी भाइयो और बहनो!

जैसा कि आप सभी जानते हैं, आज हम भारत में विपश्यना के आगमन की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर हमारा प्रमुख ध्यान इसी बात पर हो कि यह विद्या आगे भी सदियों तक लोगों का कल्याण करती रहे। इसके लिए सबसे बड़ी बात यह होनी चाहिए कि इस परंपरा के उन सभी आचार्यों के प्रति हमारा मन

कृतज्ञता से भरे, जिन्होंने पीढ़ी-दर-पीढ़ी हजारों वर्षों से इसे शुद्ध रूप में जीवित रखा और इस बात का भी ध्यान रखा कि अगली पीढ़ी को वे शुद्धरूप में ही सौंपें। क्योंकि इसकी शुद्धता नष्ट होते ही यह विद्या भारत से लुप्त हो गयी थी, जबकि विपश्यना यहीं पर जन्मी, पली और लाखों-करोड़ों लोगों का मंगल किया था।

गुरुजी सदैव गुरुजनों की सेवा को बहुत महत्त्व देते थे। इसी प्रकार भिक्षुओं की सेवा करना, दान देना और उनका समुचित आदर सत्कार करना आदि को उन्होंने बहुत महत्त्व दिया। वे जहां कहीं शिविर लगाने जाते और वहां यदि एक या एक से अधिक भिक्षु होते तो संघदान का आयोजन अवश्य करते। ऐसा ही एक प्रसंग बोधगया का है जहां मैं स्वयं संघदान में उपस्थित हुआ था। गुरुजी अमेरिका गये तो वहां भी भिक्षुओं को आमंत्रित किया और बहुत बड़े संघदान का आयोजन संपन्न हुआ।

मैंने बचपन में ही (60 वर्ष पूर्व) बर्मा में सयाजी ऊ बा खिन से विपश्यना सीखी, वहीं पर कुल 8 शिविर किए थे। गुरुजी (गोयन्काजी) जब बर्मा से भारत आ गये तब मुझे सयाजी की सेवा करने का अवसर मिला। उन्हें लगभग महीने भर तक उनके दांत के ट्रीटमेंट के लिए डॉक्टर के पास लगभग डेढ़-दो घंटे की दूरी तय करके ले जाना पड़ता। मैं गाड़ी चलाकर ले जाता और उन्हें विपश्यना केंद्र में छोड़ कर घर लौटता तो कई घंटे बीत जाते। इससे दोपहर के भोजन में बहुत विलंब होता, रोज ही 3-4 बज जाते। एकाध बार मन झुँझलाया और गुरुजी (पिताजी) को इसका पता चला तो उन्होंने मुझे पत्र लिख कर समझाया कि यह तो तुम्हारे लिए बड़े पुण्य की बात है कि तुम्हें सयाजी की सेवा करने का अवसर मिल रहा है। इसे अपना सौभाग्य समझना चाहिए, बुरा कभी मत मानना। उनकी इस सीख से मेरा मन बहुत प्रसन्न हुआ और मेरे मन में फिर वैसा भाव कभी नहीं आया।

गुरुजी को बचपन से ही हिंदी से बहुत लगाव था और लिखने के साथ-साथ बड़ी-बड़ी सभाओं में उन्होंने बोलना भी शुरू कर दिया था। बर्मा में रहने वाले भारतीयों को हिंदी का ज्ञान होना ही चाहिए, इसके लिए वे बहुत सजग और सक्रिय रहते थे। हम लोगों की पढ़ाई का मीडियम बरमी हो गया तब हमें हिंदी सिखाने के लिए उन्होंने हिंदी टीचर अलग से रखा। किसी से कभी कोई भूल होने पर छतरी से मारते इसलिए "छतरीवाले चाचा" कहलाने लगे। महिलाओं और छोटे बच्चों को हिंदी सिखाने के लिए विधिवत कक्षाएं चलाने की व्यवस्था करवाई थी। बर्मा में जब हिंदी की पुस्तकें मिलनी बंद हो गयीं तब भारत के "हिंदी साहित्य सम्मेलन" प्रयाग, तथा "हिंदी भाषा प्रचार समिति" वर्धा, से पुस्तकें मँगाते और प्रथमा, मध्यमा एवं उत्तमा तक की परीक्षाएं स्वयं करवाते। वर्धा से परीक्षा के प्रश्न-पत्र आते तो घर के हाल में दूर-दूर बैठा कर परीक्षा करवाते और जांच के लिए वर्धा भेजते। वहां से सब के लिए समुचित सर्टीफिकेट आता। गुरुजी हिंदी में नाटक लिखते और उनका मंचन भी करते ताकि लोगों का हिंदी का ज्ञान बढ़ता रहे।

उनके अंदर देशप्रेम और देशभक्ति कूट-कूट कर भरी थी। भारत देश में संकट आया तो पं. नेहरू के आह्वान पर उन्होंने बर्मा से भारत संदेश भेजा कि फलां स्थान पर देवी इलायची के गहनों की पेटी है, उसमें से सारे गहने निकाल कर देश के हित में सरकार को दे दिया जाय और ऐसा ही हुआ।

गुरुजी ने हिंदी के दोहों की रचना बचपन से आरंभ कर दी थी। बहुत सारे दोहे हिंदी और राजस्थानी भाषा में लिखे। उनमें से कुछ चुने हुए दोहे आजकल शिविरों में सुनाए जाते हैं। उन्होंने अपने गुरुजी के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए अनेक दोहों की रचना की जो शिविरों में प्रारंभ से अंत तक सुने जा सकते हैं। गुरुजी हमेशा अपने गुरु सयाजी को नमन करते हुए ही शिविरों का आरंभ करते और उनसे पहले के सभी आचार्यों के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करते थे। इससे सिद्ध होता है कि गुरु के प्रति मन में श्रद्धा हो तभी कोई धर्मपथ पर आगे बढ़ सकता है। हम भी उनके इन गुणों को अपने जीवन में धारण करें और दैनिक साधना पुष्ट करें, तभी गुरुजी एवं माताजी के प्रति हमारी श्रद्धा सार्थक होगी।

गुरुजी के कुछ एक दोहे याद आते हैं जिनमें उन्होंने कथनी और करनी का जिक्र किया है:—

कथणी-कथणी सरल है, करणी करड़ी होय।
कथणी सी करणी करै, साचो ग्यानी सोय॥

साधु वही, सज्जन वही, साधक संत सुजान।
कथनी सी करनी करै, वो ही संत सुजान॥

कथणी-करणी बिच इसी, देखी नहीं दुभांत।
कवै जात है करम स्यूं, मानै जनमां जात॥

हमारी कथनी और करनी में अंतर नहीं होना चाहिए। इसलिए वे जो कहते वही करते थे और जो करते वही कहते थे। इसलिए वे सही माने में संत सुजान ही थे। वे कभी जात-पांत, ऊंच-नीच नहीं मानते थे। हम भाइयों की किसी भी शादी में उन्होंने दहेज नहीं लिया। उनका नारा था— "दहेज लेना बंद करो, देना अपने आप बंद होगा"। परंतु समाज-प्रमुखों ने आगे बढ़ कर इसे स्वीकार नहीं किया तो नतीजा भुगत ही रहे हैं। गुरुजी सही माने में संत सुजान थे।

— श्रीप्रकाश गोयन्का, मुंबई.

(पूज्य गुरुजी के पांचवे पुत्र श्रीप्रकाश बचपन से ही बड़े होनहार और कुशाग्रबुद्धि थे और उनके जन्म (अक्टूबर 1952) के तीन वर्ष बाद सितंबर 1955 में पूज्य गुरुजी को विपश्यना का धर्मलाभ मिला था। उसके थोड़े समय बाद पूज्य माताजी भी गुरुदेव सयाजी ऊ बा खिन के संपर्क में आयीं और आनापान करने लगीं। कुछ समय बाद जब उन्होंने पूरा शिविर कर लिया तब कभी-कभी दोनों छोटे बच्चों (श्रीप्रकाश और जयप्रकाश) को साथ लेकर वे विपश्यना केंद्र में जाने लगीं। माताजी बैठ कर साधना करतीं और सयाजी इन दोनों के साथ खूब बातें करते, आनापान आदि सिखाते, कुछ देर खेलते और ये दोनों पूरे दिन-रात वहीं रहते और सुबह स्कूल भी वहीं से जाते। सयाजी ने इन्हें खेलने-कूदने की पूरी छूट दे रखी थी। यानी, धर्म का प्रभाव इनके जीवन पर बचपन से ही पड़ा और वह विकसित होता गया। (सं.)

बाबूभैया के साथ पत्राचार के अंश

(पूज्य गुरुजी धर्म-चारिका के साथ-साथ दैनिक व्यवहार की छोटी-से-छोटी बातों का ध्यान हमेशा रखते थे और शिविर के दौरान प्रत्येक साधक की प्रगति का लेखा-जोखा भी रखते थे। इनकी झलक निम्न पत्रों से स्पष्ट होगी। – संपादक)

पड़ाव: ताड़ेपल्लीगुडम, दिनांक: 6-11-1969

बाबू भैया , सादर वंदे!

गुडम का शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और अपने पुण्य मोद में तुम सब के साथ पूज्य गुरुदेव और मां सयामा को अपना भागीदार बनाया। इस संबंध में तुम्हें एक तार भी दिया। अब मैं 25 नवंबर तक यहीं रहूंगा। सोचा तो था यह समय एकांतवास, साधना और विश्राम में ही बिताऊंगा, परंतु अब ऐसा संभव नहीं है। परिवार की और व्यापार की जिम्मेदारियां मुझे बहुत व्यस्त रखेंगी । परंतु फिर भी विश्राम तो पर्याप्त मात्रा में मिलेगा ही। हां यदि 10-15 दिन निरंतर साधना भी कर पाता तो पिछले 4 महीने से शरीर और मन पर जो भारीपन आ गया है वह निकल जाता। परंतु अब तो लगता है कुछ समय बाद ही 10-15 दिन निरंतर साधना कर पाऊंगा। ...

पड़ाव: ताड़ेपल्लीगुडम, दि. 10-11-1969

बाबू भैया, सादर चरण वंदन!

कल दीपावली की रात थी। साथ-साथ परिवार वालों के साथ होने के कारण सायं 6:30 बजे की विशिष्ट साधना में बैठा। आज रंगून में हमारे भवन की अतिथिशाला को 'साधना-कक्ष' बनाए जाने का वार्षिक स्मृति दिवस भी है। पूज्य गुरुदेव और मां सयामा अन्य साधकों के साथ घर पर आए होंगे। उन दोनों का स्वास्थ्य ठीक होगा। यहां हमारी कल रात की बैठक बड़ी मंगलदायिनी साबित हुई। इस बैठक के बाद रात को देर तक मैत्री विहार में संलग्न रहा। इसका तत्काल मंगलकारी प्रभाव पड़ा। अपने मन का भी बहुत-सा मैल छँट गया। पिछले कुछ दिनों से जो धुँधलका छाया हुआ था वह दूर हो गया। मन बड़ा निर्मल हुआ और जिनके प्रति मैत्री विहार किया गया उन पर भी निश्चित रूप से प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा। इससे मन बड़ा मुदित हुआ। ...

पड़ाव: ताड़ेपल्लीगुडम, दि. 15-11-1969

बाबू भैया, सादर वंदे!

तुम्हारे द्वारा भेजे गये कुछ पत्रों का जवाब नहीं दे पाया था, इसका खेद है।

पूज्य गुरुदेव से कहना कि 26 अक्टूबर को दडेंचो (बरमी दीपावली) के दिन शिविर में सभी साधक-साधिकाओं के साथ प्रातः 4:00 बजे घंटे भर की साधना में बैठा था। उस दिन शाम को प्रवचन में इस पूर्णिमा के महत्त्व पर भी थोड़ा प्रकाश डाला था। हां एक बात और हुई कि गुडम के इस शिविर में जितने दिन मेरा प्रवचन हुआ वह टेप-रिकॉर्ड कर लिया गया और अब उसको लिपिबद्ध करवा रहा हूं। वैसे इस शिविर के नए साधक-साधिकाओं का शिक्षण स्तर बहुत ऊंचा नहीं होने के कारण धर्म प्रवचन का स्तर भी स्वभावतः जरा निम्न ही रहा। इसलिए इन लिपिबद्ध धर्म-देशनाओं को यथाभूत टंकण न करवाकर इसमें बहुत कुछ जोड़-तोड़ करना चाहता हूं और उसके बाद जो फाइनल कॉपी तैयार होगी उसकी एक प्रति पूज्य गुरुदेव को दिखाने के लिए तुम्हें भेजूंगा ताकि इस बात का संतोष हो जाय कि मैं कहीं कोई बात धर्म विरुद्ध तो नहीं बोल रहा हूं। परंतु यह काम बड़ा समय लेने वाला है और मैं देखता हूं कि मैंने अब तक पिछले चार शिविरों की रिपोर्ट ही नहीं लिखवाई। अब तो उसमें से न जाने कितनी बातें विस्मृति के गर्त में समाती जा रही हैं। हर काम में बड़ा समय लगता है और समय का अभाव बहुत अखरता है। ....

(ताडेपल्लीगुडम के शिविर के पुरुष साधक पूज्य गुरुजी के साथ)

गुडम के विद्यालय में जो शिविर लगा उसका पूरा विवरण तो न जाने कब लिखा पाऊंगा, परंतु संक्षेप में यही है कि इसमें 9 पुरुष बैठे और 11 महिलाएं। पुरुषों में अपने परिवारजनों में से ही कुल छह लोग बैठे। बाहर वालों में काशी का एक विद्वान संन्यासी रामसागर आश्रम बैठा जो कि अपने आप को 'बोधाश्रम' कहने लगा। वह कलकत्ते में सम्मिलित होने के बाद यहां साथ चला आया और आगे के शिविरों में भी सम्मिलित होने का आग्रह लिए हुए है। यह व्यक्ति M.A., L.L.B. और B.Ed. है तथा संस्कृत से शास्त्री है। संन्यासी होने के पूर्व काशी के किसी स्कूल में प्रधानाचार्य रहा और किसी कॉलेज में प्रोफेसर भी। संन्यास लेकर अनेक प्रकार के हठयोग की साधनाएं कीं, तंत्र साधनाएं कीं, कुंडलिनी योग का अभ्यास किया और इन सब में वर्षों अभ्यास करके बहुत अच्छी योग्यता प्राप्त कर लेने के बाद भी बौद्ध साधना कैसी होती है, इस उत्सुकता के मारे सारनाथ (काशी) के शिविर में सम्मिलित हुआ। वहीं के शिविर में इसने चित्त एकाग्रता की जो ध्यान-भूमि प्राप्त की, वह इससे पहले इसे कहीं किसी मार्ग में नहीं मिली थी, इसलिए अत्यंत प्रभावित हुआ और कहीं से राह खर्च के लिए भिक्षा मांगकर कलकत्ते के शिविर में सम्मिलित होने के लिए चला आया। वहां उसने विपस्सना की गहराइयों को मापा और अणु-अणु में व्याप्त चैतन्य की अनुभूति से आत्म विभोर हो उठा। अब वह आगे साथ चलने का आग्रह करने लगा। मैंने अपने खर्च में से कुछ पैसे बचा कर उसके लिए गुडम तक के मार्ग-व्यय की व्यवस्था कर दी। यहां के शिविर-खर्च का भार प्रिय राधे ने उठा लिया। अब मद्रास का शिविर ठीक एक महीने बाद लगने वाला है। व्यावहारिक दृष्टिकोण से मैंने उसे कह दिया कि महीने भर तो वह भिक्षाटन द्वारा अपना जीवन यापन करे और 4 दिसंबर के शिविर में सम्मिलित होने के लिए मद्रास पहुँच जाय। इस व्यक्ति ने यहां के शिविर में तो और भी अधिक उन्नति की। भवंग की अंतिम स्थिति के बहुत करीब आ पहुंचा।...

इसके अतिरिक्त भैया के कैटलफीड कारखाने के राधे के नीचे काम करने वाले दो मजदूर सम्मिलित हुए और दोनों बहुत संतुष्ट हुए। कारखाने के और भी कुछ लोग आतुर थे परंतु एक तो वातावरण अनुकूल नहीं था और दूसरे एक मोटी समस्या यह थी कि जो लोग शिविर में बैठे उनकी 10 दिन की तनख्वाह कटती थी जो कि स्वभावतः एक नौकरी पेशा व्यक्ति के लिए भारी पड़ ही जाती है।

"चरथ भिक्खवे चारिकं, बहुजन हिताय बहुजन सुखाय..."

मैं इस समस्या पर विशेष रूप से चिंतित हूं कि हमारी साधना का यह शिविर केवल धनवानों तक ही सीमित न रह जाय। इनको कम से कम खर्च पर चला कर कैसे सार्वजनिक रूप दिया जाय, तभी भगवान के **"बहुजन हिताय बहुजन सुखाय"** मकसद की पूर्ति हो सकेगी।

हां, तो इन पुरुषों के अतिरिक्त 11 महिलाएं बैठीं, जिनमें से अधिकांशतः केडिया परिवार से संबंधित महिलाएं थीं। इनमें से दो भीमावरम से आई थीं और दो ऐलूरू से। इनके अतिरिक्त 3 राजस्थानी महिलाएं थी। इस प्रकार 20 साधक-साधिकाओं का यह कुनबा यहां के एक प्राइमरी स्कूल में साधना में बैठ पाया। इसमें एक महिला कान से बहरी थी इसलिए उसका केस कमजोर ही रहा। उसे मैं विपश्यना भी नहीं दे पाया, केवल आनापान देकर संतोष कर लेना पड़ा। और भी एक-दो

महिलाएं बहुत बूढ़ी थीं जिन्हें विपश्यना गहराई से प्राप्त नहीं हो सकी। बाकी सभी महिलाएं बहुत संतुष्ट रहीं, लेकिन मेरी अपनी चेकिंग में मैंने देखा कि इस शिविर में पुरुष वर्ग बाजी मार ले गया। जबकि अधिकांशतः सभी शिविरों में महिलाएं ही आगे बढ़ती हैं। वैसे जो लोग शिविर में बैठे वे सब के सब बहुत प्रभावित हुए और बर्मा लौटने के पूर्व गुडम में एक और शिविर लगाने का गहरा आग्रह बना हुआ ही है। मुझे व्यक्तिगत रूप से इस शिविर में अपेक्षाकृत अधिक कष्ट उठाने पड़े। एक रात तो देर तक कुछ तांत्रिक साधना कर चुके साधकों से वार्तालाप करके सोया तो बड़े भयावह दुःस्वप्नों का शिकार रहा और उसी प्रकार मार के दर्शन हुए जैसे कि कभी एक बार मांडले के शिविर में हुए थे। इसका विवरण किसी अगले पत्र में लिखूंगा।

बड़े भैया के परिवार से कोई नहीं बैठ सका। आनंद मार्ग की जितनी जकड़ हमारे परिवार के सदस्यों को आबद्ध किए हुए हैं वह स्पष्ट रूप से मार का पूर्व निश्चित संयोजन है जिससे कि इस देश में केवल अपने परिवार को ही नहीं बल्कि अन्य लोगों को भी धर्म लाभ प्राप्त करने में बड़ी से बड़ी बाधाएं उपस्थित हों। हमें मार के इन आक्रमणों का धर्म बुद्धि के साथ सामना करना है। मैं समझता था कि मेरी 3 महीने की धर्मचारिका और मैत्री विहार अपने परिवार के सदस्यों का रुख बदल देगा। परंतु मुझे सफलता नहीं मिली। स्पष्ट है कि मार मुझसे अधिक बलवान है। बल्कि यूं कहूं कि मेरी धर्म प्रज्ञा का बल अभी उस सीमा तक नहीं बढ़ा जितना कि बढ़ना चाहिए। अच्छा हुआ तुम्हारी ओर से यह अनुमति मिल गई कि मैं तीन-चार महीने भारत में और रह लूं। इस अवधि में मैं एक और धर्मचारिका करूंगा और उस पुण्य के बल से तथा अपनी मैत्री भावना से सारे परिवार के कल्याण की कामना करता रहूंगा, जिससे कि ये हमारे ही रक्तांश और जन्म-जन्म के सहयोगी अपनी मोह निद्रा में से जागें और धर्म के सच्चे स्वरूप को पहचानें। सारे भारतवर्ष की यात्रा करने के बाद मैं इस बात को समझ पाया हूं कि सारे भारत में बड़ी संख्या में लोग इस मार्ग पर चल रहे हैं। इतना कुछ होने के बावजूद कभी ध्यान के समय एक आस्था की लहर उठती है कि इन भूले भटके हुए भाई-भतीजों का भी उद्धार होगा ही और इसी जीवन में होगा। इस धीरज के साथ प्रतीक्षा करेंगे। देखें दूसरी चारिका के बाद क्या असर पड़ता है? कोई असर नहीं पड़ा तो संपूर्ण सद्भावनाओं के साथ अनेक वर्षों तक भी प्रतीक्षा करते रहेंगे और इनके प्रति अपनी मैत्री भावना प्रेषित करते रहेंगे।

मेरे अपने विश्राम के संबंध में तुम्हें पहले लिख चुका हूं कि पारिवारिक और व्यापारिक समस्याओं को समझने में जो समय लग रहा है उसके कारण मैं साधना में नहीं बैठ सका। परंतु मद्रास जाने के पूर्व 3 दिन का समय अवश्य निकालूंगा और उस समय गुरुजी के आदेशानुसार मौन भी रहूंगा। अधिक से अधिक धर्म संबंधी कोई डिक्टेशन भले ही दे दूं।

हां, कलकत्ते वाले सभी साधक बहुत संतुष्ट हुए थे और उनका भी बड़ा आग्रह रहा कि एक शिविर यहां और लगे ही। वस्तुतः कलकत्ते और गुडम में शिविर लगने का सारा श्रेय भाई चौथमल को ही है। उसकी प्रेरणा से ही अनेक लोग बैठ पाए और पुण्य अर्जन कर पाए। भारत के सभी शिविरों में उसका पुण्य भाग रहा ही है परंतु इन दो शिविरों में तो विशेष रूप से रहा। मैं उसे अलग से भी पत्र लिख रहा हूं।

दलाई लामा स्वयं किसी शिविर में बैठें, इसकी संभावना नहीं की जा सकती, पर यह निश्चित है कि वे अपने साथियों को अवश्य बैठायेंगे। हां दिल्ली के शिविर में लद्दाखी लामाओं के प्रमुख कुशक बकुला अवश्य बैठने के लिए उत्सुक थे। पता नहीं समय निकाल पायेंगे या नहीं।

तुमने बिल्कुल ठीक लिखा है कि बड़प्पन के दिखावे ने इस देश के लोगों को धन-संचय के प्रति पागल बना दिया है और इनके नैतिक पतन का यही सबसे बड़ा कारण है। सचमुच जो ऊपर की आमदनी नहीं कमाता वह यहां मूर्ख ही माना जाता है।

चार जोड़ी भिक्षुओं के चीवर मिल गए थे। उनमें से एक जोड़ी राजगीर के बर्मीज भिक्षु जयंतजी को भिजवाया। इनका जो पत्र आया उससे मन बड़ा सुख विभोर हुआ। लिखा है कि पिछले 6 वर्षों से उन्हें एक भी चीवर दान में नहीं मिला था। आज बर्मा के इस चीवर को पाकर वे बहुत संतुष्ट हैं। उनसे कहीं अधिक संतोष मुझे हुआ। मैंने उन्हें राजगीर में देखा कि सरल स्वभाव का यह भिक्षु फटे चिथड़ों में लिपटा हुआ था। हम सबको साथ लेकर जब अपना आश्रम दिखा रहे थे तब मैंने देखा कि उनका अधोवस्त्र पीछे की ओर से फटा हुआ है जिसमें से उनके नितंब का एक भाग दिख रहा है और वे बार-बार अपने चीवर के छोर को पीछे की ओर कटि प्रदेश में खींचते हुए अपनी लाज ढकने का प्रयत्न कर रहे हैं और बार-बार उनका फटा हुआ चीवर उनकी दीन अवस्था का प्रदर्शन करने लगता। उस दृश्य ने मुझे कई दिनों तक द्रवीभूत किया। उनके फटे हुए चीवर की तरह मुझे लगा कि मेरे हृदय का एक छोर भी फट गया है और उसके भीतर से मेरी लाज बार-बार झांक रही है। सचमुच बर्मीज बौद्ध भिक्षुओं की भारत में बड़ी ही दीन दशा है। बर्मा से कोई यात्री आ नहीं सकता और यहां कोई दान देता नहीं। सबके पासपोर्टों की अवधि पूरी हो गई। कोई चाहे तो अपने देश लौट भी नहीं सकता। बर्मा के विस्थापित भारतीय जिनको बर्मा के प्रति अनुराग है और जो बर्मा के प्रति हृदय से कृतज्ञ हैं और कुछ उनमें से भी हैं जिन्हें भगवान के सद्धर्म से लाभ हुआ है, उन सबको इन बुद्ध पुत्रों की देखभाल करनी चाहिए। परंतु अजीब लाचार अवस्था है। उम्र भर देते रहने का अभ्यास किसी से कुछ मांगने के लिए अड़चन पैदा करता है। एक झिझक की दीवार खड़ी होती है। न जाने इस स्वभाव में कब परिवर्तन आयेगा अथवा आ पायेगा भी या नहीं। एक नग्न भिक्षु को तुम्हारी ओर से भेजा गया यह चीवर का दान निश्चय ही तुम्हें अपरिमित पुण्य का अधिकारी बनायेगा। जब उस बौद्ध भिक्षु का पत्र पढ़ता हूं और कल्पना की आंखों से उस नूतन चीवर से परिवेष्ठित उस भिक्षु का दर्शन करता हूं तो मन प्रीति-सुख से रोमांचित हो उठता है। ऐसा ही पुलक रोमांच तुम्हें भी प्राप्त हो। यह चीवर का दान तुम्हारे साथ अपने परिवार के सभी सदस्यों के लिए असीम हित-सुख का कारण बने। इस मंगल भावना से बार-बार मन विभोर होता है। यह दान सचमुच त्रिविध परिशुद्ध दान हुआ। देने के पूर्व मन रोमांचित हुआ। भिजवाते समय मन रोमांचित हुआ और अब भिजवाने के बाद उसकी स्मृति से मन रोमांचित होने लगता है। ऐसे परिशुद्ध दान का फल महान पुण्यशाली होता है। यह समस्त परिवार के लिए सुख समृद्धि के संवर्धन का कारण बनेगा ही। यहां चीवर बनवा कर दान देने में अन्य कठिनाइयों के साथ-साथ आर्थिक कठिनाइयां भी हैं ही। परंतु शायद अब वे हल हो जायँगी।

(बर्मीज भिक्षुओं को दान Yangon 1967)

मैंने अभी-अभी संकल्प किया है कि परिवार के श्रद्धालु सदस्यों से दान इकट्ठा कर बेटी विमला के विवाह पर भारतवासी 15-20 बर्मीज भिक्षुओं को भारत के बने चीवर 1-1 जोड़ी दान करेंगे और आगामी होली के पूर्व उन्हें पहुंचा भी देंगे।

तुम्हारा अनुज,
सत्य नारायण गोयंका

(पू. गुरुजी द्वारा बाबूभैया को लिखे गये पत्रों से साभार... क्रमशः)

ऑनलाइन भावी शिविर कार्यक्रम एवं आवेदन

सभी भावी शिविरों की जानकारी नेट पर उपलब्ध है। कोविद-19 के नये नियमानुसार सभी प्रकार की बुकिंग केवल ऑनलाइन हो रही है। फार्म-अप्लीकेशन अभी स्वीकार्य नहीं हैं। अतः आप लोगों से निवेदन है कि निम्न लिंक पर चेक करें और अपने उपयुक्त शिविर के लिए अथवा सेवा के लिए सीधे ऑनलाइन ही आवेदन करें:

https://www.dhamma.org/en/schedules/schgiri

कृपया अन्य केंद्रों के कार्यक्रमानुसार भी इसी प्रकार आवेदन करें।
अन्य केंद्रों के कार्यक्रमों के विवरण कृपया निम्न लिंक पर खोजें:-

https://www.dhamma.org/en-US/locations/directory#IN

भावी शिविर कार्यक्रम

जिन केंद्रों के 2021 के शिविर कार्यक्रम आये हैं, उन्हें ही इस महीने में प्रकाशित कर रहे हैं। कोविड-19 के सभी नियमों का पालन करना अनिवार्य है। सभी नियम फार्म के साथ इंटरनेट पर दिये गये हैं। फिर भी कोई नहीं देख पाये तो संबंधित केंद्रों से सीधे संपर्क कर सकते हैं।

आवश्यक सूचनाएं—

1- कृपया नियमावली मँगाकर पढ़ें और संबंधित व्यवस्थापक के पास आवेदन-पत्र भेजकर वहां से स्वीकृति-पत्र मँगा लें।

2- **एक दिवसीय, लघु / स्वयं शिविर:** केवल पुराने साधकों के लिए, जिन्होंने दस दिन का विपश्यना शिविर पूरा किया हो।

3- **सतिपट्ठान शिविर:** कम से कम तीन शिविर किये साधकों के लिए, जो कि विगत एक वर्ष से नियमित और गंभीरतापूर्वक दैनिक अभ्यास करते हों। (लघु एवं सति. शिविर का समापन **अंतिम तिथि की सायं होता है।**)

4- **किशोरों का शिविर:** (15 वर्ष पूर्ण से 19 वर्ष पूर्ण) **(कृपया किशोरों के शिविर के लिए बनाये हुये नये आवेदन-पत्र का उपयोग करें)**

5-**दीर्घ शिविर - ∞ 20 दिवसीय शिविर:** पाँच सामान्य शिविर, एक सतिपट्ठान शिविर किये और एक दस-दिवसीय शिविर में सेवा दिये हुए साधकों के लिए, जो विगत दो वर्षों से नियमित दैनिक अभ्यास करते हों तथा विधि के प्रति अनन्यभाव से पूर्णतया समर्पित हों।

6- **30 दिवसीय शिविर:** जिन्होंने 20 दिवसीय शिविर किया हो तथा किसी एक शिविर में धर्मसेवा दी हो। (दीर्घ शिविरों के लिए 6 माह का अंतराल आवश्यक है।) (जहां 30 व 45 दिन के साथ होंगे, वहां आनापान– 10 दिन की, और जहां केवल 45 दिन का वहां 15 दिन की होगी।)

7- **45 दिवसीय शिविर:** जिन्होंने दो 30 दिवसीय शिविर किये हों एवं धम्मसेवा दिये हों। **60 दिवसीय शिविर:** केवल सहायक आचार्यों के लिए जिन्होंने दो 45 दिवसीय शिविर किये हुए हैं।

8- **विशेष 10-दिवसीय शिविर:** पांच सामान्य शिविर, एक सतिपट्ठान शिविर किये और एक दस-दिवसीय शिविर में सेवा दिये हुए साधकों के लिए, जो विगत दो वर्षों से नियमित दैनिक अभ्यास करते हों तथा विधि के प्रति अनन्यभाव से पूर्णतया समर्पित हों।

14 दिवसीय कृतज्ञता-शिविर / स्वयं शिविर

यह कृतज्ञता-शिविर "आचार्य स्वयं शिविर" का ही रूप है। शिविर का फार्मेट बिल्कुल वही रहेगा। पूज्य गुरुजी और माताजी अब नहीं रहे तो उनके प्रति तथा पूरी आचार्य परंपरा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए इसी समय अधिक से अधिक लोग एक साथ तपेंगे, एक साथ आनापान, विपश्यना और मैत्री होगी तो सभी उनकी धर्मतरंगों के साथ समरस होकर परम सुख-लाभ ले पायेंगे – **समग्गानं तपो सुखो।** प्रसन्नता की बात यह है कि फरवरी की इन्हीं तिथियों के बीच हिंदी तिथि के अनुसार पूज्य गुरुजी एवं माताजी की जन्म-तिथियां (जयंतियां) भी आती हैं। **शिविर की योग्यता**– इस **दीर्घ शिविरि** में सम्मिलित होने के लिए केवल एक सतिपट्ठान शिविर, धर्म के प्रचार-प्रसार में योगदान तथा स्थानीय आचार्य की संस्तुति आवश्यक होगी। **निश्चित तिथियां:** हर वर्ष 2 से 17 फरवरी।

स्थानीय साधकों को धर्मलाभ पहुँचाने के इच्छुक अन्य केंद्र भी चाहें तो इस गंभीर कृतज्ञता-शिविर को अपने यहां के कार्यक्रमों में सम्मिलित कर सकते हैं।

∞ दीर्घ शिविरों के लिए नये संशोधित आवेदन-पत्र का ही उपयोग करें। इसे धम्मगिरि अथवा अन्य दीर्घ शिविर के केंद्रों से प्राप्त कर सकते हैं। (उपरोक्त सभी शिविरों का आवेदन-पत्र एक समान है।) हिंदी वेबसाट हेतु लिंक www.hindi.dhamma.org

इगतपुरी एवं महाराष्ट्र

धम्मगिरि : इगतपुरी (महाराष्ट्र)

विपश्यना विश्व विद्यापीठ, इगतपुरी—422403, नाशिक, फोन: (02553) 244076, 244086, 244144, 244440 (केवल कार्यालय के समय अर्थात सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक). फैक्स: 244176. Email: info@giri.dhamma.org, **[बिना बुकिंग प्रवेश बिल्कुल नहीं] दस-दिवसीय:** 2 से 13-5, 16 से 27-5, 30-5 से 10-6, 16 से 27-6, 14 से 25-7, 28-7 से 8-8, 11 से 22-8, 25-8 से 5-9, 8 से 19-9, 22-9 से 3-10, 30-10 से 10-11, 13 से 24-11, 27-11 से 8-12, 25-12-21 से 5-1-2022, ◊**सतिपट्ठान:** 7 से 15-10, **समन्वयक क्षेत्रीय आचार्य तथा आचार्य सम्मेलन:** 13-12-2021, **सहायक आचार्य सम्मेलन:** 14 से 16-12, **सहायक आचार्य कार्यशाला:** 17 से 20-12, **प्रशिक्षक कार्यशाला:** 21-12, **ट्रस्टी तथा धम्मसेवक कार्यशाला:** 16 से 17-10, **(गंभीर सूचनाएं—** • कृपया ध्यान दें कि धम्मगिरि पर बिना बुकिंग कराए आने का प्रयास बिल्कुल न करें अन्यथा वापस भेजने पर शिविरार्थी को भी कष्ट होता है और हमें भी। • जहां केंद्र हैं, उस क्षेत्र के लोग वहीं आवेदन करें। विशेष कारण के बिना धम्मगिरि पर उनके आवेदन नहीं लिए जायेंगे। • कृपया स्वीकृति-पत्र अपने साथ अवश्य लाएं। • **यदि किसी कारण** न आ पा रहे हों तो कृपया समय पर सूचना अवश्य दें।)

धम्मतपोवन-1 : इगतपुरी (महाराष्ट्र)

◊ **सतिपट्ठान:** 2 से 10-9,
∞ **दीर्घ-शिविर: विशेष दस-दिवसीय:** 21-9 से 2-10, 20-**दिवसीय:** 10 से 31-5, 24-7 से 14-8, **30-दिवसीय:** 4-6 से 5-7, 18-8 से 18-9, **45-दिवसीय:** 4-6 से 20-7, 19-12 से 3-2-2022, **60-दिवसीय:** 12-10 से 12-12.

धम्मतपोवन-2 : इगतपुरी (महाराष्ट्र)

दस-दिवसीय एकजीक्यूटिव शिविर: 30-11 से 11-12, ◊ **सतिपट्ठान:** 18 से 26-11,
∞ **दीर्घ-शिविर:** 20-**दिवसीय:** 28-6 से 19-7, 30-**दिवसीय:** 8-5 से 8-6, 25-9 से 26-10, **45-दिवसीय:** 8-5 से 23-6, 25-9 से 10-11, **60-दिवसीय:** 23-7 से 22-9, 17-12 से 16-2-2022.

धम्मपत्तन : गोराई, बोरीवली, मुंबई

धम्मपत्तन, विपश्यना केन्द्र, एस्सेल वर्ल्ड के पास, गोराई खाड़ी, बोरीवली (पश्चिम) मुंबई— 400 091, फोन: +91 8291894650, टेली. (+09122) 50427518, Ext. No. (पुरुष कार्यालय)» 519 (50427519), (महिला कार्यालय)» 546 (50427546), (सुबह 11 से सायं 5 बजे तक); Website: www.pattana.dhamma.org, **दस-दिवसीय एक्जीक्यूटिव शिविर:** 11 से 22-5, 3 से 14-6, 16 से 27-6, 30-6 से 11-7, 13 से 24-7, 28-7 से 8-8, 18 से 29-8, 14 से 25-9, 29-9 से 10-10, 13 से 24-10, 27-10 से 7-11, 10 से 21-11, 24-11 से 5-12, 8 से 19-12, 22-12 से 2-1-2022 ◊**सतिपट्ठान:** 24-5 से 1-6, **3-दिवसीय:** 12 से 15-8,; **1-दिवसीय मेगा:** 23-5, 25-7, 26-9, ∞ **दीर्घ-शिविर: विशेष दस-दिवसीय:** 1 से 12-9 Email: registration_pattana@dhamma.net.in; ऑनलाइन बुकिंग: www.dhamma.org/en/schedules/schpattana.shtml **"धम्मपत्तन"** विपश्यना केंद्र में केवल 90 साधकों के लिए स्थान है। अत: सभी साधकों से नम्र निवेदन है कि जिन्हें शिविर के लिए स्वीकृति-पत्र दिया जाय, वे ही आयें और जिन्हें स्वीकृति नहीं दी जा सकी, वे कृपया किसी प्रकार का आग्रह (दुराग्रह) न करें। • **कृपया अपना आपात्कालीन फोन-संपर्क (भले पास-पड़ोस का) अवश्य लिखें।)**

ग्लोबल विपश्यना पगोडा, गोराई में एक दिवसीय शिविर : प्रतिदिन— सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक, (पगोडा के डोम में होता है, ताकि साधकों को भगवान बुद्ध की पावन धातुओं के सान्निध्य में तपने का सुयोग प्राप्त हो।) तथा **मेगा कोर्सेज (महाशिविरों)** की तिथियों के लिए पत्रिका के अंतिम पृष्ठ पर देखें। **संपर्क:** Email: info@globalpagoda.org; फोन: 022-28452235. कृपया अपने साथ पीने के पानी की बोतल अवश्य लाएं। पीने का पानी बड़ी बोतल (20 लीटर) में उपलब्ध रहेगा। उसमें से अपनी बोतल भर कर अपने पास रख सकते हैं।

आगंतुकों के लिए लघु आनापान शिविर

ग्लोबल पगोडा में प्रतिदिन 11 से 4 बजे के बीच पंद्रह-बीस मिनट का अंग्रेजी/हिन्दी में लघु आनापान प्रशिक्षण-सत्र चलता रहता है। ताकि सभी लोगों को धर्म- लाभ मिल सके। भाग लेने वाले को पूरे प्रशिक्षण-सत्र में बैठना अनिवार्य है।

धम्मविपुल : बेलापुर (नवी मुंबई)

प्लॉट नं. 91 ए; सेक्टर 26, पारसीक हिल, सीबीडी बेलापुर, (पारसीक हिल, सीवुड दारावे रेलवे स्टेशन के नजदीक हरबर लाईन) नवी मुंबई 400 614. **संपर्क:** फोन: 022-27522277, 27522404/03 (सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक). Email: dhammavipula@gmail.com, बुकिंग केवल ऑनलाइन: http://www.vipula.dhamma.org/ **दस-दिवसीय:** 12 से 23-5, 26-5 से 6-6, 9 से 20-6, 23-6 से 4-7, 7 से 18-7, 21-7 से 1-8, 4 से 15-8, 18 से 29-8, 1 से 12-9, 15 से 26-9, 29-9 से 10-10, 13 से 24-10, 27-10 से 7-11, 10 से 21-11, 24-11 से 5-12, **1-दिवसीय:** हर रविवार, **सामू. साधना:** हर रोज प्रात: 9 से रात 9 तक, (साधक अपने समयानुसार आकर ध्यान कर सकते है);

धम्मवाहिनी : टिटवाला

मुंबई परिसर विपश्यना केंद्र, गांव रूंदे, टिटवाला (पूर्व) कल्याण, जि. ठाणे. Website www.vahini.dhamma.org, रजिस्ट्रेशन केवल online; Email: vahini.dhamma@gmail.com, **संपर्क:** मोबाईल: 97730-69978, 9004620434, केवल कार्यालय के दिन- 12 से सायं 6 तक. **दस-दिवसीय:** 8 से 19-5, 22-5 से 2-6, 5 से 16-6, 19 से 30-6, 3 से 14-7, 17 से 28-7, 31-7 से 11-8, 28-8 से 8-9, 11 से 22-9, 25-9 से 6-10, 9 से 20-10, 23-10 से 3-11, 6 से 17-11, ◊ **सतिपट्ठान:** 14 से 23-8, ∞ **दीर्घ-शिविर: 20-दिवसीय: 30**-11 से 21-12, **30-दिवसीय:** 30-11 से 31-12,

धम्म वाटिका : पालघर

पालघर विपश्यना केंद्र, गट नं. 198-2/ए, अल्याली क्रिकेट ग्राउंड के पीछे, अल्याली, पालघर-401404, **संपर्क:** 1) 9637101154, 2) श्री इराणी, मो. 9270888840, Email: info@vatika.dhamma.org
दस-दिवसीय: (केवल पुरुष) 12 से 23-5, 13 से 24-6, 27-6 से 8-7, 25-7 से 5-8, 11 से 22-8, 25-8 से 5-9, 8 से 19-10, 21-10 से 1-11, 21-11 से 2-12, 25-12-21 से 5-1-22, (केवल महिलाएं) 3-5 से 1-6, 11 से 22-7, 24-9 से 5-10, 7 से 18-11, ◊ **सतिपट्ठान:** (केवल पुरुष) 12 से 20-9, (केवल महिलाएं) 5 से 13-12,

धम्मानन्द : पुणे (महाराष्ट्र)

पुणे विपश्यना केंद्र, (बिना बुकिंग प्रवेश नहीं) मरकल गांव के पास, आलंदी से 8 कि.मी. **दस-दिवसीय:** (केवल हिंदी एवं मराठी भाषी)» 8 से 19-5, 12 से 23-6, 10 से 21-7, 14 से 25-8, 11 से 22-9, 9 से 20-10, 13 से 24-11, 11 से 22-12, (केवल हिंदी एवं अंग्रेजी भाषी)» 22-5 से 2-6, 26-6 से 7-7, 24-7 से 4-8, 28-8 से 8-9, 25-9 से 6-10, 27-11 से 8-12, 25-12 से 5-1, ◊ **सतिपट्ठान:** (केवल हिंदी एवं अंग्रेजी भाषी)» 23 से 31-10, **3-दिवसीय:** 3 से 6-6, 5 से 8-8, **संपर्क:** पुणे विपश्यना समिति, फोन: (020) 24468903, 24436250.
Email: info@ananda.dhamma.org; टे.फैक्स: 24464243.

दीर्घ शिविर कार्यक्रम (भारत)

विशेष 10-दिवसीय

5 से 16-5-2021	धम्मअजय - चंद्रपुर (महाराष्ट्र)
2 से 13-6-2021	धम्मखेत्त - हैदराबाद (तेलंगाना)
19 से 30-6-2021	धम्मथली - जयपुर (राजस्थान)
30-6 से 11-7-2021	धम्मगिरि : इगतपुरी (महाराष्ट्र)
17 से 28-7-2021	धम्मपट्ठान - सोनीपत (हरियाणा)
21-7 से 1-8-21	धम्मसिन्धु, बाडा-कच्छ
19 से 30-7-2021	धम्मलक्खण - लखनऊ (उ. प्र.)
28-7 से 8-8-2021	धम्मपुब्बज - चूरू (राजस्थान)

30-8 से 10-9-2021	धम्म पुष्कर - पुष्कर (अजमेर, राजस्थान)
1 से 12-9-2021	धम्मपत्तन - गोराई, बोरीवली, मुंबई
4 से 15-9-2021	धम्म अम्बिका - दक्षिण गुजरात, गुजरात
21-9 से 2-10-2021	धम्मतपोवन-1 - इगतपुरी (महाराष्ट्र)
6 से 17-10-2021	धम्मबोधि -बोधगया (बिहार)
15 से 26-10-2021	धम्मपट्टान - सोनीपत (हरियाणा)
17 से 28-10-2021	धम्मसरोवर - धुळे (महाराष्ट्र)
20-11 से 1-12-2021	धम्मकल्याण - कानपुर (उ. प्र.)

20-दिवसीय

5 से 26-5-2021	धम्मसिन्धु - मांडवी-कच्छ (गुजरात)
10 से 31-5-2021	धम्मतपोवन-1 - इगतपुरी (महाराष्ट्र)
2 से 23-6-2021	धम्मखेत्त - हैदराबाद (तेलंगाना)
20-6 से 11-7-2021	धम्मपाल - भोपाल (म.प्र.)
28-6 से 19-7-2021	धम्मतपोवन-2 - इगतपुरी (महाराष्ट्र)
30-6 से 21-7-2021	धम्मसेतु - चेन्नई (तमिलनाडु)
1 से 22-7-2021	धम्म पुष्कर - पुष्कर (अजमेर, राजस्थान)
24-7 से 14-8-2021	धम्मतपोवन-1 - इगतपुरी (महाराष्ट्र)
2 से 23-8-2021	धम्मपट्टान - सोनीपत (हरियाणा)
3 से 24-8-2021	धम्मचक्र - सारनाथ (उ. प्र.)
11-8 से 1-9-2021	धम्मालय - कोल्हापुर (महाराष्ट्र)
25-8 से 15-9-2021	धम्म अम्बिका - दक्षिण गुजरात
5 से 26-9-2021	धम्मगढ़ - बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
8 से 29-9-2021	धम्मसुवत्थी - श्रावस्ती (उ. प्र.)
11-9 से 2-10-2021	धम्मपाल - भोपाल (म.प्र.)
28-9 से 19-10-2021	धम्मथली - जयपुर (राजस्थान)
6 से 27-10-2021	धम्मबोधि - बोधगया (बिहार)
7 से 28-11-2021	धम्म पुष्कर - पुष्कर (अजमेर, राजस्थान)
30-11 से 21-12-2021	धम्मवाहिनी - टिटवाला
4 से 25-12-2021	धम्मलक्खण - लखनऊ (उ. प्र.)

30-दिवसीय

5-5 से 5-6-2021	धम्मसिन्धु - मांडवी-कच्छ (गुजरात)
8-5 से 8-6-2021	धम्मतपोवन-2 - इगतपुरी (महाराष्ट्र)
1-6 से 2-7-2021	धम्मपट्टान - सोनीपत (हरियाणा)
2-6 से 3-7-2021	धम्मखेत्त - हैदराबाद (तेलंगाना)
4-6 से 5-7-2021	धम्मतपोवन-1 - इगतपुरी (महाराष्ट्र)
30-6 से 31-7-2021	धम्मसेतु - चेन्नई (तमिलनाडु)
1-7 से 1-8-2021	धम्म पुष्कर - पुष्कर (अजमेर, राजस्थान)
1-8 से 1-9-2021	धम्मबोधि - बोधगया (बिहार)
11-8 से 11-9-2021	धम्मालय - कोल्हापुर (महाराष्ट्र)
18-8 से 18-9-2021	धम्मतपोवन-1 - इगतपुरी (महाराष्ट्र)
28-8 से 28-9-2021	धम्मपट्टान - सोनीपत (हरियाणा)
11-9 से 12-10-2021	धम्मपाल - भोपाल (म.प्र.)
18-9 से 29-10-2021	धम्मथली - जयपुर (राजस्थान)
25-9 से 26-10-2021	धम्मतपोवन-2 - इगतपुरी (महाराष्ट्र)
1 to 31-10-2021	धम्मउत्कल - खरियार रोड (उडीसा)
6-11 से 7-12-2021	धम्मचक्र - सारनाथ (उ. प्र.)
7-11 से 28-11-2021	धम्म पुष्कर - पुष्कर (अजमेर, राजस्थान)
30-11 से 31-12-2021	धम्मवाहिनी - टिटवाला
21-12-2021 से 21-1-2022	धम्म अम्बिका - दक्षिण गुजरात, गुजरात

45-दिवसीय

8-5 से 23-6-2021	धम्मतपोवन-2 - इगतपुरी (महाराष्ट्र)
2-6 से 18-7-2021	धम्मखेत्त - हैदराबाद (तेलंगाना)
4-6 से 20-7-2021	धम्मतपोवन-1 - इगतपुरी (महाराष्ट्र)
25-9 से 10-11-2021	धम्मतपोवन-2 - इगतपुरी (महाराष्ट्र)
15-10 से 30-11-2021	धम्मसुवत्थी - श्रावस्ती (उ. प्र.)
2-11 से 18-12-2021	धम्मपट्टान - सोनीपत (हरियाणा)
17-12-2021 से 1-2-2022	धम्मपाल - भोपाल (म.प्र.)
19-12 से 3-2-2022	धम्मतपोवन-1 - इगतपुरी (महाराष्ट्र)
21-12-2021 से 5-2-2022	धम्म अम्बिका - दक्षिण गुजरात, गुजरात
9-2-2022 से 27-3-2022	धम्मबोधि - बोधगया (बिहार)

60-दिवसीय

23-7 से 22-9-2021	धम्मतपोवन-2 - इगतपुरी (महाराष्ट्र)
12-10 से 12-12-2021	धम्मतपोवन-1 - इगतपुरी (महाराष्ट्र)
17-12 से 16-2-2022	धम्मतपोवन-2 - इगतपुरी (महाराष्ट्र)

धम्मपुण्ण : पुणे शहर(स्वारगेट)

पुणे विपश्यना समिति, नेहरू स्टेडियम के सामने, स्वारगेट वॉटर वर्क्स के पीछे, आनंद मंगल कार्यालय के पास, दादावाडी, पुणे-411002. फोन: (020) 24436250. Email: info@punna.dhamma.org, **दस-दिवसीय:** (केवल हिंदी एवं अंग्रेजी भाषी)» 2 से 13-5, 9-9, 3 से 14-10, 7 से 18-11, 5 से 16-12, (केवल हिंदी एवं मराठी भाषी)» 16 से 27-5, 18 से 29-7, 15 से 26-8, 17 से 28-10, 21-11 से 2-12, 19 से 30-12,, ◊ **सतिपट्ठान:** (केवल हिंदी एवं अंग्रेजी भाषी)» **21 से 29-9, 3-दिवसीय:** 28 से 31-10, **किशोरों का शिविर:** 2 से 10-5, **किशोरियों का शिविर:** 16 से 24-5, # **2-दिवसीय बाल-शिविर:** (12 से 18 वर्ष लड़के) 11 से 12-5, (12 से 18 वर्ष लड़किया)» 14 से 15-5, **1-दिवसीय:** हर माह दुसरे गुरुवार तथा चौथे रविवार प्रात: 8:30 से 4:30 तक, # **बाल-शिविर:** (9 से 18 वर्ष) हर माह प्रथम तथा तिसरे रविवार (प्रात: 8 से दोपहर 2.30 तक)

धम्मअजन्ता : औरंगाबाद (महाराष्ट्र)

अजंता अंतर्राष्ट्रीय विपश्यना समिति, गट नं. 45 रामपुरी, वैजापुर रोड, औरंगाबाद-431003. **संपर्क:** फोन: (0240) 2040444, मोबाईल: 94222-11344, 99218-17430. Email: info@dhammaajanta.org; **दस-दिवसीय:** 19 से 30-5, 2 से 13-6, 16 से 27-6, 30-6 से 11-7, 14 से 25-7, **किशोरों का शिविर: 10 से 18-5,**

धम्मसरोवर : धुळे (महाराष्ट्र)

खान्देश विपश्यना साधना केंद्र, डेडरगांव जलशुद्धिकरण केंद्र के पास, मु. पो. तिखी, जिला- धुळे, पिन: 424002; (बिना बुकिंग प्रवेश नही) (केंद्र जाने के लिए "पाच कंदील" के पास "शेरे पंजाब लॉज" पहुँचें। वहां से तिखी गांव के लिए ऑटोरिक्शा मिलते हैं। **दस-दिवसीय:** 2-5 से 13-5, 16 से 27-5, 30-5 से 10-6, 27-6 से 8-7, 11 से 22-7, 25-7 से 5-8, 22-8 से 2-9, 12 से 23-9, 26-9 से 7-10, 7 से 18-11, 21-11 से 2-12, 16 से 27-12, ◊ **सतिपट्ठान:** 12 से 21-6, 6 से 15-8, 5 से 14-12, **2-दिवसीय:** 23 से 25-6, 18 से 20-8, 12 से 14-10, # **बाल-शिविर:** 16-8 10-10, 1-11, 29-12, 30-12, ∞ **दीर्घ-शिविर: विशेष दस-दिवसीय: 17** से 28-10, **संपर्क:** डॉ. देवरे, फोन: 222861, मोबा. 99226-07718, Email: info@sarovara.dhamma.org

धम्मसिद्धपुरी : भाटेगाव, सोलापुर

धम्मसिद्धपुरी विपश्यना ध्यान केंद्र, off विजापुर रोड, भाटेवाडी के पास, सोरेगाव - डोणगाव का रास्ता, सोरेगाव से 4 कि.मी. ता. उत्तर सोलापुर, जिला. सोलापुर-413002, Email: solapurvipassana@gmail.com, **संपर्क:** 1) श्री सम्राट पाटील, मोबा. 7620592920, 9011908000, 2) श्री भालचंद्र उकरंडे, मोबा. 9860759866, **दस-दिवसीय:** 2 से 13-6, 16 से 27-6, 30-6 से 11-7, 14 से 25-7, 28-7 से 8-8, 18 से 29-8, 1 से 12-9, 15 से 26-9, 29-9 से 10-10, 13 से 24-10, 17 से 28-11, 1 से 12-12, 15 से 26-12, 29-12 से 9-1, **2-दिवसीय:** 13 से 16-5, 12 से 15-8, 11 से 14-11, **किशोरों का शिविर:** 21 से 29-5, 26-10 से 3-11,

धम्मालय : कोल्हापुर (महाराष्ट्र)

दक्खिन विपश्यना अनुसंधान केन्द्र, (बिना बुकिंग प्रवेश नहीं) रामलिंग रोड, आलते पार्क, आलते, ता. हातकनंगले (रेलवे स्टेशन), जि. कोल्हापुर-416123. Email: info@alaya.dhamma.org, फोन: **संपर्क:** मोबा. 97674-13232. 9697933232, 7420943232, **दस-दिवसीय:** (हिंदी एवं अंग्रेजी भाषी) 19 से 30-9, 7 से 18-11, 21-11 से 2-12, 5 से 16-12, 19 से 30-12, (हिंदी एवं मराठी भाषी, केवल महिलाएं)» 2 से 13-5, (हिंदी एवं मराठी भाषी)» 13 से 24-6, 27-6 से 8-7, 25-7 से 5-8, 3 से 14-10, 17 से 28-10, (हिंदी, अंग्रेजी तथा कन्नडी भाषी)» **11 से 22-7,** ◊ **सतिपट्ठान:** (हिंदी एवं अंग्रेजी भाषी)» 29-6 से 8-7, 5 से 14-10, 21 से 30-12, **3-दिवसीय:** (हिंदी एवं अंग्रेजी भाषी) **14 से 17-9, 2-दिवसीय:** (हिंदी एवं अंग्रेजी भाषी) **10 से 12-6, 29 से 31-10, किशोरियों का शिविर:** (हिंदी एवं अंग्रेजी भाषी)» 16 से 24-5, **किशोरों का शिविर:** (हिंदी एवं अंग्रेजी भाषी) » **30-5 से 7-6,** # **2-दिवसीय बाल-शिविर:** (हिंदी एवं अंग्रेजी भाषी) **धम्मसेवक कार्यशाला:** (हिंदी एवं मराठी भाषी)» **19 से 20-11,** ∞ **दीर्घ-शिविर: 20-दिवसीय: 11-8 से 1-9, 30-दिवसीय: 11-8 से 11-9,**

धम्मनाग : नागपुर (महाराष्ट्र)

नागपुर विपश्यना केंद्र, माहुरझरी गांव, नागपुर-कलमेश्वर रोड के पास. Email: info@naga.dhamma.org, **संपर्क:** मोबाइल: 9403870195, 9422182336, 9370990771, 9423403294. (बिना बुकिंग प्रवेश नहीं) **दस-दिवसीय:** 2 से 13-6, 16 से 27-6, 30-6 से 11-7, 28-7 से 8-8, 11 से 22-8, 25-8 से 5-9, 8 से 19-9, 22-9 से 3-10, 20-10 से 7-11, 10 से 21-11, 24-11 से 5-12, 8 से 19-12, ◊ **सतिपट्ठान:** 24-12 से 1-1-2022, **3-दिवसीय:** 27 से 30-5, **1-दिवसीय:** 26-5, 13-6, 27-6, 11-7, 23-7, 8-8, 22-8, 5-9, 19-9, 3-10, 17-10, 7-11, 21-11, 5-12, 19-12, **किशोरियों का शिविर: 8 से 16-5, किशोरों का शिविर: 17 से 25-5, सहायक आचार्य कार्यशाला: 14 से 18-7-2021,**

संपर्क: सचिव, कल्याणमित्र चैरिटेबल ट्रस्ट, अभ्यंकर स्मारक भवन, अभ्यंकर रोड, धन्तोली, नागपुर-440012. फोन: 0712- 2458686, 2420261. (सभी पत्र-व्यवहार इसी पते पर करें।)

धम्मसुगति : सुगतनगर (नागपुर)

विपश्यना साधना केंद्र, सुगतनगर, नागपुर-14, फोन नं. (0712)2630115. **दस-दिवसीय:** 5 से 16-5, 2 से 13-6, 7 से 18-7, 3 से 14-8, 1 से 12-10, 8 से 19-11, 8 से 19-12, (केवल महिलाएं)»18 से 29-8, 1 से 12-9, 15 से 25-9, ◊ **सतिपट्ठान:** 22 से 30-7, 22 से 30-12, **3-दिवसीय:** 24 से 27-3, 21 से 24-4, 16 से 19-6, 21 से 24-10, 24 से 27-11, **1-दिवसीय:** 16-5, 30-5, 13-6, 18-7, 14-8, 12-9, 21-11, 6-12, # **बाल-शिविर: 21 से 24-10, सामू. साधना:** हर रोज प्रात: 5 से 6 तथा सायं 6 से 7 तक एवं हर रविवार प्रात: 8 से 9; # **बाल आनापान सामू. साधना: हर** रविवार प्रात: 8 से 9, **संपर्क:** 1) श्री सुखदेव नारनवरे, मोबा. 9422129229. 2) श्री कमलेश चाहन्दे, मोबा. 9373104305.,

धम्ममल्ल : यवतमाल (महाराष्ट्र)

विपश्यना केंद्र, धनश्री नगर, आय. टी. आय. के पीछे, पिंपलगांव बायपास, यवतमाल - 445001, **दस-दिवसीय:** (केवल पुरुष तथा महिला)» 11 से 22-1, 15 से 26-2, 10 से 21-3, 1 से 12-4, 1 से 12-5, 15 से 26-6, (केवल पुरुष तथा भिक्खु 9 से 20-7), 2 से 13-8, 18 से 29-9, 19 से 30-10, 3 से 14-11, 7 से 18-12, ◊ **सतिपट्ठान:** 15 से 23-5, 19 से 27-11, **3-दिवसीय:** 26 से 29-3, 16 से 19-8, **1-दिवसीय:** 26-5, 13-6, 24-7, 1-8, 29-9, 10-10, 5-12, # **बाल-शिविर:** 30-5, 27-6, 25-7, 29-8, 12-9, 3-10, 28-11, 26-12, **संपर्क:** 1) श्री ई. डी. गडलिंग, मोबा. 9422865661, 2) डा. राजकुमार भगत, मोबा. 9423432475, 3) देवेंद्र मेश्राम 9822235527.

चिटकी(वर्धा): धम्मकुटीविपश्यनाकेंद्र, चिटकी, पुलगाव, पो. कवठा, ता. देवळी, जि. वर्धा, **दस-दिवसीय:** 7 से 18-9, 6 से 17-10, 6 से 17-11, 7 से 18-12, **संपर्क:** श्री. खंडारे, फोन: 07158-284372, मोबा. 9028494401, श्री भेले, मोबा. 9834603076,

रोहणागांव: (पवनी, भंडारा): **दस-दिवसीय:** 19 से 30-5, 16 से 27-6, 7 से 18-7, **स्थान:** विसुध्दमग्गो विपस्सना चॅरिटेबल ट्रस्ट, व्दारा संचालित - धम्मपवन विपश्यना **केन्द्र,** रोहणा गांव (पवनी) जि. भंडारा, **संपर्क: 1)** श्री शैलेष कांबळे, मोबा. 9923268962, 2) श्री माधव रामटेके, मोबा. 9223349183,

तुमसर (भंडारा): **दस-दिवसीय:** 20 से 31-10, 17 से 28-11, 15 से 26-12, **3-दिवसीय:** 16 से 19-10, **1-दिवसीय:** 8-4, 7-5, 4-6, 3-8, 2-9, 1-10, # **बाल-शिविर** 18-10, 29-11, 26-12, **स्थान:** बुद्धविहार ॲण्ड वेलफेअर सेंटर, चुल्हाड, तुमसर, जि. भंडारा मोबा. 096236-68240, **संपर्क:** 1) श्री डोंगरे, मोबा. 6260450436, 2) श्री चौरे, मोबा. 98904-41071, 3) श्री विजु गोंडाणे, मोबा. 096236-68240,

धम्मभण्डार : भंडारा (महाराष्ट्र)

विपश्यना केंद्र, राहुल कॉलनी, रेलवे लाइन के पास, सहकार नगर, भंडारा 441904, **दस-दिवसीय:** 20 से 31-7, 10 से 21-8, 21-9 से 2-10, 4 से 15-12, ◊ **सतिपट्ठान:** 6 से 14-9, 21 से 29-11, **3-दिवसीय:** 27 से 30-3, **2-दिवसीय:** 24 to 26-12, **1-दिवसीय:** 26-5, 27-6, 1-8, 22-8, 19-9, 3-10, 19-10, **किशोरियों का शिविर:** 7 से 16-11, # **2-दिवसीय बाल-शिविर:** 15 से 16-11, 1 से 2-5, # **1-दिवसीय बाल-शिविर:** 11-5, 25-5, 8-6, 22-6, 11-7, 29-8, 19-9, 10-10, 19-12,

संपर्क: सलूजा, 09423673572, चौरे, 9890441071, विनोद, 9422833002, 7588749108,

धम्म निरंजन : नांदेड

विपश्यना साधना केंद्र, नई डंकीण (गोदावरी नदी के किनारे) नांदेड, **संपर्क:** 1) श्री दहिवेले, मोबाइल: 9423148636. 2) श्री भावे, मोबा. 9421572499, **दस-दिवसीय:** (केवल महिलाएं)» 7 से 18-7, 6 से 17-10, 8 से 19-12, (केवल पुरुष)» 16 से 27-6, 1 से 12-9, 17 से 28-11, ◊ **सतिपट्ठान:** 14 से 22-8, **3-दिवसीय:** 10 से 13-6, 22 से 25-7, # **3-दिवसीय बाल-शिविर:** (केवल लड़के)» 7 से 10-11, (केवल लड़किया)» 11 से 14-11, **2-दिवसीय बाल-शिविर:** .... **1-दिवसीय:** 26-5, 27-6, 18-7, 29-8, 12-9, 17-10, 29-12, **स्वयं शिविर:** हर रविवार प्रात: 6 से 10 तक # **बाल आनापान ऑनलाईन शिविर:** हर माह तीसरे रविवार **धम्मसेवक कार्यशाला:** 10-1,

धम्म वसुधा : हिवरा वर्धा

विपश्यना केंद्र, हिवरा पोस्ट झडशी, ता. सेलु, जि. वर्धा, Email: dhammavasudha@gmail.com 100, सागर, सुयोग नगर, नागपुर-440015. मोबा. **दस-दिवसीय:** 17 से 28-10, 10 से 21-11, ◊ **सतिपट्ठान:** 1 से 9-12, **संपर्क:** 1) श्री बांते, 9326732550, 9326732547. 2) श्री काटवे, मोबा. 9890309738.

धम्मअनाकुल : खापरखेड़ा फाटा, तेल्हारा (अकोला)

विपश्यना साधना केंद्र, खापरखेड़ा फाटा, तेल्हारा-444108 जि. अकोला **Email:** info.anakula.@vridhamma.org, **Website:** www.anakula.dhamma.org, मोबा. 9421156138, 9881204125, 9421833060, **दस-दिवसीय:** (केवल पुरुष)» 9 से 20-6, 3 से 14-8, 1 से 12-9, 20 से 31-10, 24-11 से 5-12, (केवल महिलाएं)» 10 से 21-3, 7 से 18-4, 5 से 16-5, 23-6 से 4-7, 18 से 29-8, 15 से 26-9, 4 से 15-10, 10 से 21-11, 8 से 19-12, **दस-दिवसीय:** (केवल भिक्षुओं के लिए)» 7 से 18-7, ◊ **सतिपट्ठान:** 29-5 से 6-6, 23 से 31-7, **3-दिवसीय:** 29-9 से 2-10, 23 से 26-12, **2-दिवसीय:** 21 से 23-5, **1-दिवसीय:** 26-5, 21-7, 19-10, **संपर्क:** 1) विपश्यना चैरिटेबल ट्रस्ट, शेगांव, फोन: 95798-67890, 98812-04125. 2) श्री आनंद, मोबा. 94221-81970.

कोटंबा (यवतमाळ): **दस-दिवसीय:** (पुरुष तथा महिला)» 2 से 13-5, 16 से 27-5, 4 से 15-7, 12 से 23-9, 2 से 13-10, 5 से 16-12 (केवल महिलाएं) » 1 से 12-8-2021 (केवल भिक्षु तथा पुरुषों के लिए) » 6 से 17-6 (केवल भिक्षुणियां तथा महिला) 7 से 18-11, **1-दिवसीय:** हर रविवार सुबह 8 से 3 तक # **बाल-शिविर:** 23-5, 20-6, 18-7, 29-8, 26-9, 17-10, 28-11, 26-12, **संपर्क:** धम्मभूमि विपश्यना चॅरीटेबल ट्रस्ट, कोटंबा ता. बाभुळगांव जि.

